संख्या-230/2015/2903/9-8-2015-67ज/2010

प्रेषक,

**श्रीप्रकाश सिंह,**
सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

**नगर आयुक्त,**
नगर निगम-बरेली
नगर विकास अनुभाग-8

लखनऊ: दिनांक 11 दिसम्बर, 2015

**विषयः**- नगर निगम-बरेली द्वारा मोहनपुर ठिरिया में प्रस्तावित पी0पी0पी0 माडल के आधार पर आधुनिक पशुवधशाला का निर्माण किये जाने हेतु निविदादाता का चयन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

मा0 सर्वोच्च न्यायालय में पशुवधशालाओं से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं के सम्बन्ध में दायर रिट याचिका संख्या-(सिविल) 309/2003, लक्ष्मी नारायण मोदी बनाम यूनियन आफ इण्डिया व अन्य के सम्बन्ध में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय समय पर पारित विभिन्न आदेशों तथा भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश राज्य के अन्तर्गत पशुवधशालाओं का संचालन किये जाने से सम्बन्धित विभिन्न विषयों के क्रियान्वयन किये जाने हेतु शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1838/9-8-2012-2सी.एस./2012 दिनांक 11 सितम्बर, 2012 द्वारा प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग की अध्यक्षता में एक **"राज्य स्तरीय समिति"** का गठन किया गया है। मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा **"राज्य स्तरीय समिति"** को सौंपे गये दायित्वों में एक दायित्व यह भी है कि आबादी क्षेत्र में आ गयी जीर्ण-शीर्ण पशुवधशालाओं को आबादी से बाहर स्थानान्तरित कर आधुनिक पशुवधशालाओं की स्थापना की जाय एवं जनसामान्य को स्वच्छ तथा हाइजेनिक मांस की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके एवं पशुवधशालाओं से जनित अवशिष्ठों का वैज्ञानिक रूप से निष्तारण किया जाय ताकि इससे पर्यावरण के प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न न हो सके।

2. मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका संख्या- (सिविल) 309/2003, लक्ष्मी नारायण मोदी बनाम यूनियन आफ इण्डिया व अन्य में समय-समय पर पारित आदेशों एवं भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में नगर निगम-बरेली द्वारा मोहनपुर ठिरिया में प्रस्तावित पी0पी0पी0 माडल के आधार पर आधुनिक पशुवधशाला का निर्माण किये जाने हेतु कन्सलटेंट मेसर्स एबेकस लीगल ग्रुप, नई दिल्ली द्वारा तैयार की गयी डी0पी0आर0 मूल्यांकित लागत रूपये 2021.00 लाख है। अवस्थापना विकास अनुभाग के शासनादेश संख्या-235/83-अव0-14-17(अव0)/2009 दिनांक 13 जून, 2014 के द्वारा प्रदेश की पी0पी0पी0 परियोजनाओं के क्रियान्वयन से सम्बन्धित दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत रूपये 25.00 करोड़ से नीचे की परियोजनाओं के लिए विभागीय प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में बिड़ मूल्यांकन समिति का गठन किये जाने की व्यवस्था की गयी है, जिसके अनुक्रम में प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग की अध्यक्षता में बिड मूल्यांकन समिति का गठन किया गया तथा नगर विकास अनुभाग-8 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2393/9-8-2014-67ज/2010 दिनांक 18 सितम्बर, 2014 द्वारा नगर विकास विभाग में पी0पी0पी0 परियोजनाओं हेतु बिड मूल्यांकन समिति की अध्यक्षता किये जाने का अधिकार सचिव नगर विकास विभाग को प्रतिनिधानित किया गया। तत्क्रम में बिड मूल्यांकन समिति की बैठक सचिव नगर विकास

http://shasanadesh.up.nic.in

विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 26 मई, 2014 को अपरान्ह 4.30 बजे सम्पन्न हुई एवं बिड मूल्यांकन समिति द्वारा उठाये गये बिन्दुओं पर विचार किये जाने के उपरान्त नगर निगम- बरेली द्वारा प्रस्तावित आर0एफ0क्यू0 कम आर0एफ0पी0 डाक्यूमेंट पर दिनांक 27.12.2014 के अपरान्ह 2.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की गयी।

निविदादाता के चयन हेतु निम्नानुसार RFQ cum RFP Document में निविदादाता के चयन हेतु निम्न व्यवस्था निर्धारित की गयी है :-

**Technical Criteria**

- The Bidder should have a minimum cumulative turnover of Rs. 48 Crores in last three years from developing/operating "eligible projects of value not less than Rs. 24 lacs each", subject to a minimum turnover of 25% being derived from the slaughtering and /or meat processing sector. "eligible project" worth less than Rs. 24 Lacs shall not be considered for the purpose of evaluation under this Clause.
- Minimum Net worth of Rs. 6 Crores as on 31st March 2014 as certified by Charted Accountant.

**Financial Criteria**

- **The Bidder who demands Minimum MFPI Grant out of the total sanctioned MFPI Grant will qualified as a successful bidder.**

नगर निगम-बरेली द्वारा पी0पी0पी0 माडल पर प्रस्तावित आधुनिक पशुवधशाला के निर्माण हेतु प्रकाशित आर0एफ0क्यू0 कम आर0एफ0पी0 डाक्यूमेंट के परिप्रेक्ष्य में निर्धारित तिथि तक निम्न 03 फर्मो की निविदाएं प्राप्त हुई जिसे बिड मूल्यांकन समिति के समक्ष दिनांक 30.12.2014 को सांय 4.00 बजे राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उत्तर प्रदेश, नवचेतना केन्द्र 10 अशोक मार्ग, लखनऊ में निविदादाताओं की उपस्थिति में खोला गया :-

1. मार्या फ्रोजन एग्रो फूडस प्रा0लि0 ।
2. लब्बैक ओवरसीज प्रा0 लि0 ।
3. अल-सुमामा एग्रो फूडस प्रा0 लि0।

उपर्युक्त तीनों निविदादाताओं द्वारा डाली गयी निविदाओं का तुलनात्मक विवरण निम्नवत पाया गया :-

**Technical criteria**

| Technical Criteria | Name of the Bidder | Meeting the Criteria |
|---|---|---|
| **Clause 3.2 (a):-**The Bidder should have a minimum cumulative turnover of Rs. 48 Crores in last three years from developing/operating "eligible projects of value not less than Rs. 24 lacs each", subject to a | 1.Marya Frozen Agro Foods Private Limited | **Meets the Criteria**<br><br>**Required turnover Rs. 48 Crores**<br><br>Bidder turnover 186.25 Crores |

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | |
|---|---|---|
| minimum turnover of 25% being derived from the slaughtering and /or meat processing sector. "eligible project" worth less than Rs. 24 Lacs shall not be considered for the purpose of evaluation under this Clause.<br><br>**Clause 3.5 :-**Minimum Net worth of Rs. 6 Crores as on 31st March 2014 as certified by Charted Accountant. | | **Required Rs. 6.00 Crores**<br><br>Bidder's Net worth Rs. 26.20 Crores |
| | 2.Labbaik overseas Pvt. Ltd. | Not meeting the technical and financial criteria due to non responsive offer<br><br>Not available |
| | 3. Al-Sumama Agro Food Pvt. Ltd | **Meets the Criteria**<br><br>**Required turnover Rs. 48 Crores**<br><br>Bidder turnover 173.30 Crores<br><br>**Required Rs. 6.00 Crores**<br><br>Bidder's Net worth Rs. 6.15 Crores |

**Financial criteria**

| Financial Criteria | Name of the Bidder | Bid Value |
|---|---|---|
| Minimum MFPI Grant | 1.Marya Frozen Agro Foods Private Limited | **INR Zero** |
| | 2.Labbaik overseas Pvt. Ltd. | Not opened due to non responsive offer |
| | 3. Al-Sumama Agro Food Pvt. Ltd | INR. Ten Crores |

बिड मूल्यांकन समिति द्वारा नगर निगम-बरेली के मोहनपुर ठिरिया स्थित पशुवधशाला का का पी0पी0पी0 माडल के आधार पर आधुनिकीकरण किये जाने हेतु पी0पी0पी0 परियोजनाओं हेतु अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों एवं शाससनादेशों के अनुक्रम में पूर्ण पारदर्शी प्रकिया अपनाते हुए डाली गयी निविदाओं का तकनीकी एवं वित्तीय अर्हता का परीक्षण किये जाने के उपरान्त भारत सरकार के खादय प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश संख्या-एफ.एन. 30-18/2008-एबाटायर, दिनांक 25.11.2013 में निविदादाताओं के चयन हेतु जारी किये गये दिशा-निर्देशों के क्रम में **'मार्या फ्रोजन एग्रो फूडस प्रा0लि0",** जिनके द्वारा डाली गयी निविदा में वित्तीय अर्हता के अन्तर्गत भारत सरकार से कोई अनुदान परियोजना हेतु प्राप्त न किये जाने का उल्लेख अपनी निविदा में किया गया है, को निविदादाता के रूप में चयनित किये जाने की संस्तुति को श्री

http://shasanadesh.up.nic.in

राज्यपाल महोदय द्वारा निम्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकार करते हैं :-

1. परियोजना के क्रियान्वयन हेतु मा0 सर्वोच्च न्यायालय, द्वारा समय-समय पर पारित आदेशों/भारत सरकार के दिशा-निर्देशों एवं अवस्थापना विकास विभाग/नगर विकास विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्यान्तों एवं शासनादेशों का पालन किया जायेगा।

2. प्रस्तावित परियोजना हेतु शासन अथवा नगर निगम-बरेली द्वारा चयनित निविदादाता को कोई कन्शेसन नहीं दिया जायेगा तथा नगर निगम-बरेली द्वारा प्रस्तावित परियोजना के लिए चयनित निविदादाता को 4.19 एकड भूमि उपलब्ध कराया जायेगा जिसके सापेक्ष चयनित निविदादाता द्वारा लगभग रूपये 2.50 करोड़ की धनराशि प्रतिवर्ष नगर निगम-बरेली को एन्यूटी के रूप में देगा, जिसमें प्रति दो वर्षो में 10 प्रतिशत की वृद्वि होगी।

3. परियोजना के क्रियान्वयन हेतु नगर निगम-बरेली द्वारा वांछित अन्य शुल्क तथा कर आदि चयनित निविदादाता द्वारा दिया जायेगा।

4. परियोजना के क्रियान्वयन के समय सुसंगत वित्तीय नियमों का पालन करते हुए पर्यावरणीय नियमों/अधिनियमों के अन्तर्गत तथा अन्य विभागों से यथाआवश्यक अनापत्ति/ सहमति प्राप्त कर परियोजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। इस हेतु नगर निगम बरेली द्वारा चयनित निविदादाता को अपेक्षित प्रशासकीय सहयोग प्रदान किया जायेगा।

भवदीय

**( श्रीप्रकाश सिंह )**
सचिव।

**संख्या- 230/2015/2903(1)/9-8-2015 तददिनांक** ।

प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-'

1. मण्डलायुक्त्, बरेली मण्डल, बरेली।
2. जिलाधिकारी, बरेली।
3. सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ।
4. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली।
5. मार्या फ्रोजन एग्रो फूडस प्रा0लि0 (द्वारा जिलाधिकारी) ।

आज्ञा से,

**( श्रीप्रकाश सिंह )**
सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in